कार्यालय मण्डल रेल प्रबन्धक,
उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर

# महत्वपूर्ण सूचना

विषयः—वर्ष 2024—25 में खेलकूद कोटे के तहत बीकानेर मण्डल के पदों पर भर्ती हेतु ट्रायल के संबंध में।

संदर्भः—1. RRC/JP द्वारा खेलकूद कोटे के तहत भर्ती हेतु जारी अधिसूचना संख्या 04/2024 दिनांक 06.09.2024

2. इस कार्यालय की समसंख्यक सूचना दिनांक 19.12.2024 एंव 08.01.2025

---

RRC/JP द्वारा खेलकूद कोटे के तहत भर्ती हेतु जारी अधिसूचना संख्या 04/2024 दिनांक 06.09.2024 के कम में प्राप्त आवेदनों की जांच करने के उपरान्त पात्र/अपात्र अभ्यार्थियों की सूची इस कार्यालय की संदर्भित सूचना दिनांक 19.12.2024 एंव 08.01.2025 के द्वारा जारी की गई थी।

उपरोक्त के कम में अवगत करवाया जाता है कि बीकानर मंडल पर वर्ष 2024—25 हेतु खेलकूद कोटे के तहत भर्ती हेतु पदो का विवरण एंव पात्र अभ्यार्थियों की ट्रायल की **संभावित तिथि** निम्न प्रकार से हैः—

| S.No. | Name of Game | Event/Position/Weight Category | No of Vacancies (for Men/Women) | Tentative Date for Trial |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Badminton | Singles | 01 (Women) | 13.02.2025 to 14.02.2025 |
| 2 | Cricket | Fast Bowler | 01 (Men) | |
| | | Wicket Keeper Batsman | 01 (Men) | |
| 3 | Football | Mid Fielder | 01 (Men) | |
| 4 | Powerlifting | 74 KG | 01 (Men) | |

ट्रायल Railway Sports Complex, Near DRM Office, Alakh Sagar Road, Bikaner में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

**ट्रायल के लिए उपस्थित होने वाले पात्र अभ्यार्थी निम्न निर्देशो का ध्यान रखेः—**

1. अभ्यार्थी अपने साथ ऑनलाईन आवेदन करते समय अपलोड़ किये गये सभी दस्तावेजो की मूल प्रति एंव 01 सेट स्वंय द्वारा सत्यापित प्रति ट्रायल में भाग लेने के समय आवश्यक रूप से साथ लावे अन्यथा उन्हे ट्रायल में भाग लेने का अवसर नही दिया जायेगा। यदि कोई दस्तावेज हिन्दी अथवा अग्रेजी के अलावा अन्य किसी भाषा में है तो उसका अनुवाद हिन्दी अथवा अंग्रेजी में स्वंय द्वारा सत्यापित कर साथ में लाना होगा। केवल उन्ही दस्तावेजो पर विचार किया जायेगा जिन्हे ऑनलाईन आवेदन करते समय अपलोड़ किया गया हो।
2. ट्रायल हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यार्थियों को किसी प्रकार का दैनिक/यात्रा भत्ता देय नही होगा।
3. अभ्यार्थी ट्रायल के समय संबंधित खेल की किट आवश्यक रूप से अपने साथ लावे।
4. अभ्यर्थियों को ट्रायल एंव भर्ती की प्रकिया हेतु 02—03 दिन रूकना पड़ सकता है जिसके लिए उन्हे स्वंय के स्तर पर व्यवस्था करनी होगीं।
5. रेल प्रशासन ट्रायल की तिथि में किसी बदलाव, स्थान परिर्वतन अथवा अपरिहार्य परिस्थिति में निरस्त करने का अधिकार रखता है जिसके लिए किसी प्रकार का कोई दावा स्वीकार्य नही होगा।

लगातार....02

6. ऑनलाईन आवेदन करते समय अपलोड़ की गई फोटोग्राफ, दस्तावेज सत्यापन/ट्रायल के समय मिलान होनी चाहिये।
7. चयन हेतु किसी भी प्रकार की Canvassing, Misbehavior or Misconduct के लिए उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है जिसके लिए कोई पत्राचार नही किया जायेगा।
8. किसी भी प्रकार की शक्तिवर्धक दवा/ड्रग्स/स्टॉराईड/एलकोहॉल का उपयोग पूर्णतया वर्जित है तथा उम्मीदवार को आवश्यक होने पर चिकित्सा जांच हेतु भेजा जा सकता है। इन पदार्थो का उपयोग किया जाना पाये जाने पर ट्रायल/भर्ती प्रकिया में भाग नही लेने दिया जायेगा तथा उसकी उम्मीदवारी को रद् करते हुए भारतीय रेलवे की सभी भर्तीप्रकियाओ से वंचित कर दिया जायेगा।
9. किसी भी उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में प्रतिरूपण (Impersonation) करने का प्रयास नहीं करना चाहिए या किसी प्रतिरूपक (Impersonator) की सहायता नहीं लेनी चाहिए। ऐसे उम्मीदवार को सभी आरआरबी/आरआरसी परीक्षाओं या रेलवे में किसी भी नियुक्ति में शामिल होने से आजीवन वंचित कर दिया जाएगा। साथ ही उम्मीदवार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।
10. उक्त के अतिरिक्त आरआरसी द्वारा जारी की गई अधिसूचना संख्या 04/2024 (NWR/Sports/Open Advt.) दिनांक 06.09.2024 में निहित सभी नियम व शर्ते अक्षरशः लागू रहेगी।
11. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वह रेलवे में नौकरी दिलाने के झूठे वादे करके धोखा देने की कोशिश करने वाले दलालों और नौकरी रैकेटर्स से सावधान रहें।

(संख्या–740-E/Sports/RRC/BKN/2024/P-13 दिनांक 17.01.2025)

17/01/2025

(भारत भूषण वर्मा)
सहायक कामिक अधिकारी
कृते. मण्डल रेल प्रबन्धक/का.,
उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर।